Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 12-05-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

Title: Need to check the rising prices of cement in the country.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश में सीमेंट के बढ़ते हुये दामों की ओर दिलाना चाहता हू। आज देश में सीमेंट के दाम आसमान छू रहे हैं। दाम बढ़ने से देश में निर्माण कार्य रुक गये हैं। सीमेंट की मांग न केवल देश में बल्कि िवदशों में भी बढ़ रही है। इस मांग को देखते हुये सीमेंट उद्योग सीमेंट एसोसिएशन मैनुफैक्चरिंग ऑफ इंडिया का एक संगठन बनाकर सरकार और जनता को गुमराह कर रही है। वे सीमेंट के दाम बढ़ाकर ब्लैक मार्किटिंग कर रहे हैं। सीमेंट के बढ़ते दामों की वजह से देश के सभी विकास कार्य प्रभावित हुये हैं। चाहे सरकारी क्षेत्र हों या निजी क्षेत्र हों, मै मानता हूं कि देश को सब से ज्यादा रोज़गार देने वाले क्षेत्र हैं जहां पर दिहाड़ी मजदूर अपनी मजदूरी करके अपना परिवार चलाता है। इन मजदूरों की मजदूरी भी प्रभावित हुई है। इस तरह से सीमेंट उद्योग अपनी एसोसिएशन बनाकर देश को अपने स्वार्थ के लिये पीछे डालने की कोशिश कर रहा है। मेरी मांग है कि सरकार को इस पर गम्भीरता से विचार करना चाहिये और सीमेंट के दामों को नियंत्रित करने के लिये उद्योग मंत्री और वित्त मंत्री जी को ध्यान देना चाहिये ताकि सीमेंट के दामों को तय करने में सरकार का निर्णय तय हो। अगर देश में सीमेंट की जरूरत है और अगर बचता है तभी उसे निर्यात करना चाहिये अन्यथा निर्यात पर रोक लगनी चाहिये।